Y-11011/25/SSS.ref/2023-24/एनएसएसटीए
भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी
(एनएसएसटीए)

भूखण्ड सं. 22, नॉलेज पार्क-II
गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा
उत्तर प्रदेश-201310
दिनांक : 24.10.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय : आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, बैंगलोर में **25 से 29 नवम्बर, 2024** के दौरान आयोजित होने वाले ***"Stress Management through Blissful Living"*** पर पुनश्चर्या प्रशिक्षण में इन-सर्विस वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी के अधिकारियों के नामांकन के लिए अनुरोध - सन्दर्भ।

अधोहस्ताक्षरी को यह बताने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी द्वारा एक सप्ताह की अवधि के इन-सर्विस वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों के लिए ***"Stress Management through Blissful Living"*** आवासीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, बैंगलोर में 25 से 29 नवम्बर, 2024 आयोजित किया जा रहा है।

2. अतः इस सन्दर्भ में इच्छुक अधिकारियों से यह अनुरोध किया जाता है कि **11 नवम्बर, 2024** तक **नियंत्रण/सक्षम प्राधिकारी से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त** उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ई-मेल: Neelam.89@gov.in तथा कॉपी मे dd2-nssta@mospi.gov.in पर अपनी सहमति नाम, कर्मचारी कोड/OID, पदनाम, स्थान का पता, ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर का विवरण सहित सम्प्रेषित करें।

3. एनएसएसटीए नामांकित अधिकारी के पाठ्यक्रम शुल्क तथा रहने और खाने का खर्च वहन करेगा, लेकिन इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए टीए/डीए मौजूदा नियमों के अनुसार यात्रा/महंगाई भत्ता संबंधित मंत्रालय या विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

4. प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना अधिकतम 25 प्रतिभागियों के बैच के लिए बनाई गई है। यदि बड़ी संख्या में नामांकन प्राप्त होते हैं, तो नामांकित प्रतिभागियों के कार्यालय की भौगोलिक स्थिति और उनकी वरिष्ठता के आधार पर चयन समग्र रूप से किया जाएगा। इसलिए, कृपया नामांकित प्रतिभागियों द्वारा यात्रा की व्यवस्था एनएसएसटीए द्वारा अंतिम पुष्टि के बाद ही की जाए।

24/10

(अंकुर कुमार)
उपनिदेशक, एनएसएसटीए
दूरभाष : 0120-2324963

सेवा में,
सभी अधीनस्थ सांख्यिकी सेवा (एस.एस.एस.) के एस.एस.ओ.

प्रतिलिप सूचनार्थ :

1. सां. एवं का. का. मं. के समस्त अतिरिक्त महानिदेशकों को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने प्रभागों में तैनात इच्छुक वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों को नामांकित करें; तथा
2. समस्त प्रतिभागी मंत्रालयों/संगठनों को इस अनुरोध के साथ कि कि वे अपने संबंधित मंत्रालयों/संगठनों में तैनात इच्छुक वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों को नामांकित करें